नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **16**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-01-Hindi (C) (D&D) (Supp.)

# हिंदी (अनिवार्य)

## उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

फाग गाता मास फागुन
आ गया है आज जैसे ।
देखता हूँ मैं : स्वयंवर हो रहा है
प्रकृति का अनुराग अंचल हिल रहा है
इस विजन में
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है ।
और पैरों के तले है एक पोखर,
उठ रही इसमें लहरियाँ,
नील तल में तो उगी है घास भूरी,
ले रही वह भी लहरियाँ ।

(अ) फाग गाता हुआ कौन आ गया ? **(1)**

(ब) प्रेम की उपजाऊ भूमि कहाँ है ? **(1)**

(स) पोखर कैसा दिखाई देता है ? **(1)**

(द) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा शरीर, मन–मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है । वे बुनियादी शिक्षा के पक्षधर थे । उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस–पास की जिन्दगी पर आधारित हो; हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो ।

(अ) गाँधीजी कैसी शिक्षा के पक्षधर थे ? **(1)**

(ब) प्रत्येक बच्चे को कैसी शिक्षा मिलनी चाहिए ? **(1)**

(स) 'आध्यात्मिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय लिखिए । **(1)**

(द) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

**खण्ड – ब**

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में निबंध लिखिए : **(8)**

(अ) स्वच्छता अभियान

(ब) विद्यार्थियों का देश निर्माण में योगदान

(स) मेरा प्रिय खेल

(द) जल संरक्षण

4. स्वयं को 'सुचिता' शर्मा मानते हुए अपनी छोटी बहिन 'नवनी' को एक पत्र लिखिए जिसमें शिक्षा का महत्त्व बताया गया हो । **(6)**

**अथवा**

स्वयं को सुरेश वर्मा मानकर अपने प्रधानाचार्य महोदय को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए ।

5. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी अर्थ लिखिए : **(1 × 2 = 2)**

(i) Join

(ii) Note

(iii) Oath

(iv) Lease

(v) Grant

## खण्ड – स

6. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

मैं रोया, इसको तुम कहते हो गाना
मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना
क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए,
मैं दुनिया का हूँ, एक नया दीवाना !
मैं दीवानों का वेश किए फिरता हूँ,
मैं मादकता नि:शेष लिए फिरता हूँ
जिसको सुनकर जग झूम उठे, लहराए,
मैं मस्ती का संदेश लिए फिरता हूँ !

(अ) जग किसको सुनकर झूम उठता है ? **(1)**

(ब) प्रस्तुत पद्य में कवि किसका वेश लिए फिरता है ? **(1)**

(स) कवि किसका संदेश लिए फिरता है ? **(1)**

(द) प्रस्तुत पद्य में से संसार का समानार्थी शब्द लिखिए । **(1)**

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

भय जब स्वभावगत हो जाता है तब कायरता या भीरुता कहलाता है और भारी दोष माना जाता है, विशेषत: पुरुषों में । स्त्रियों की भीरुता को उसकी लज्जा के समान ही रसीकों के मनोरंजन की वस्तु रही है । पुरुषों की भीरुता की पूरी निंदा होती है । ऐसा जान पड़ता है कि पुराने जमाने में पुरुषों ने न डरने का ठेका ले रखा है ।

(अ) कायरता किसे कहते हैं ? **(1)**

(ब) रसीकों के मनोरंजन की वस्तु क्या है ? **(1)**

(स) किसकी निंदा होती है ? **(1)**

(द) पुरुषों ने किसका ठेका ले रखा है ? **(1)**

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि या लेखक का परिचय लिखिए : (उत्तर सीमा **80-100** शब्द) **(4)**

(अ) रहीम

(ब) कबीर

(स) रामचन्द्र शुक्ल

(द) जैनेंद्र कुमार

9. हमें बाज़ार से वस्तुएँ खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **(4)**

**अथवा**

हमें मेहनतकश लोगों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए ? (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द)

10. रहीम के दोहों के आधार पर लोक व्यवहार को समझाइए। **(4)**

**अथवा**

'राजिया रा सोरठा' के माध्यम से नीति व आदर्श लोक-मर्यादा की सीख लिखिए।

11. पठित कविताओं की विषय-वस्तु के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द) **(3 × 2 = 6)**

(अ) कबीरदास ने संगति का क्या प्रभाव बताया है ?

(ब) तुलसीदास द्वारा रचित मुख्य ग्रन्थ कौन सा है ?

(स) गोपियों ने उद्धव से क्या प्रश्न पूछे ?

(द) बिहारी सतसई में किस रस की प्रधानता है ?

12. पठित विषय–वस्तु के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द) **(3 × 2 = 6)**

(अ) जॉर्ज वॉशिंगटन ने तीसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने से इंकार क्यों कर दिया ?

(ब) लेखक ने कौसानी गाँव में डूबते सूरज का जो वर्णऩ किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(स) 'तौलिए' एकांकी में किस आडम्बर व खोखलेपन को अभिव्यक्त किया गया है ?

(द) 'ममता' कहानी के माध्यम से भारतीय संस्कृति के किन–किन मूल्यों को उभारा गया है ?

## खण्ड – द

13. पठित पाठों की विषय–वस्तु के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छ:(6)** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द) **(6 × 2 = 12)**

(अ) 'उसने कहा था' कहानी की मूल संवेदना क्या है ?

(ब) गाँधीजी के अनुसार आत्मज्ञान प्राप्ति के बारे में लोगों ने क्या भ्रम फैला रखा है ?

(स) गौरा को मृत्यु से बचाने के लिए लेखिका ने क्या–क्या प्रयत्न किए ? संक्षेप में लिखिए।

(द) बिदाई के समय भिक्षा के रूप में रत्नावली ने क्या विनती की ?

(य) चित्तौड़गढ़ को जाते–जाते लेखक का मन किन भावनाओं से उल्लसित हो उठा ?

(र) देव नारायणजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में लिखिए।

(ल) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की तुलना राजस्थान की किस घटना से की जाती है ? संक्षेप में वर्णन कीजिए।

## खण्ड – य

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर फीचर लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **(4)**

    (अ) प्लास्टिक हटाओ अभियान

    (ब) गाँधीजी की 150वीं जयन्ती पर कार्यक्रम

    (स) लोकतंत्र में चुनाव अभियान

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर रिपोर्ट लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **(4)**

    (अ) धार्मिक मेले का दृश्य

    (ब) विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

    (स) स्वच्छता पर निकाली गयी रैली

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : (उत्तर सीमा **80** से **100** शब्द) **(4)**

    (अ) सघन वृक्षारोपण

    (ब) नगरों में बढ़ती आबादी

    (स) वन्य पशु पक्षियों का संरक्षण

———

DO NOT WRITE ANYTHING HERE